# 4. लिंग
## (Gender)

निम्नलिखित वाक्यों पर ध्यान दीजिए–



लड़के नाच रहे हैं व लड़कियाँ बैठी हैं।



वन में शेर-शेरनी घूम रहे हैं।


इन वाक्यों में लड़के, लड़कियाँ, शेर व शेरनी में बदलाव आ रहा है। इसका कारण है **लिंग**। लिंग का अर्थ है **चिह्न**। लड़के व शेर पुल्लिंग हैं, जबकि लड़कियाँ व शेरनी स्त्रीलिंग हैं।
शब्द के रूप से ही उसके पुरुष या स्त्री जाति होने का पता चलता है।

शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

जैसे–



माता-पिता



बाघ-बाघिन

### लिंग के भेद



पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द, पुल्लिंग कहलाते हैं।


जैसे–



लड़का



बैल





अध्यापक

स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द, स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

जैसे–



लड़की



गाय




अध्यापिका



## आपने जाना

- हिंदी व्याकरण में लिंग केवल दो प्रकार के हैं– पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।
- लिंग के कारण क्रिया में बदलाव आ जाता है।



## क्या आप जानते हैं?

1. हिंदी व्याकरण में लिंग के कितने भेद हैं?

2. स्त्रीलिंग से हमें किसका बोध होता है?

3. इस वर्ग पहेली में आए पुल्लिंग शब्दों को खोजिए व गोला लगाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ध | मा | बा | ले | ख | क |
| न | मां | लौ | बै | ल | शि |
| वा | न | ा | री | हा | क्ष |
| न | व | र | छ | थी | क |

कुछ शब्द हमेशा पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग होते हैं; उनका लिंग बताने के लिए नर या मादा जोड़ा जाता है। जैसे–

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| मछली | नर मछली |
| कोयल | नर कोयल |
| मैना | नर मैना |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| उल्लू | मादा उल्लू |
| मच्छर | मादा मच्छर |
| चीता | मादा चीता |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| लड़का | लड़की |
| मामा | मामी |
| देव | देवी |
| बकरा | बकरी |
| चूहा | चुहिया |
| लोटा | लुटिया |
| कुत्ता | कुतिया |
| हंस | हंसनी |
| मोर | मोरनी |
| जाट | जाटनी |
| शेर | शेरनी |
| सेठ | सेठानी |
| इंद्र | इंद्राणी |
| देवर | देवरानी |
| धोबी | धोबिन |
| सुनार | सुनारिन |
| माली | मालिन |
| तपस्वी | तपस्विनी |
| सेवक | सेविका |
| बालक | बालिका |
| कवि | कवयित्री |





| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| पाठक | पाठिका |
| गायक | गायिका |
| बाल | बाला |
| शिष्य | शिष्या |
| नेता | नेत्री |
| सुत | सुता |
| प्रिय | प्रिया |
| भगवान | भगवती |
| बलवान | बलवती |
| रूपवान | रूपवती |
| श्रीमान | श्रीमती |
| विधुर | विधवा |
| वर | वधू |
| विद्वान | विदुषी |
| अभिनेता | अभिनेत्री |
| नर | मादा |
| पुरुष | स्त्री |
| राजा | रानी |
| उपदेशक | उपदेशि |
| वीर | वीरांग |
| लेखक | लेखि |

पाठ - 4 पेज - 28

## क्या आप जानते हैं?

1. इन वाक्यों में आए लिंग शब्दों को बदलकर लिखिए–

क. माली फूल तोड़ रहा है। — मालिन फूल तोड़ रही है।

ख. अध्यापक पढ़ाते हैं। — अध्यापिकाएँ पढ़ाती हैं।

ग. युवती गाना गाती है। — युवक गाना गाता है।

घ. शेर जंगल में घूमता है। — शेरनी जंगल में घूमती है।

ङ. सेवक राजमहल में गया। — सेविका राजमहल में गयी।

## पाठ का सार

- प्राणीवाचक शब्दों में लिंग की पहचान आसान होती है, जबकि अप्राणीवाचक में लिंग की पहचान सरल नहीं होती।
- मोटी व भारी वस्तुएँ पुल्लिंग होती हैं, छोटी व कोमल वस्तुएँ स्त्रीलिंग होती हैं।
- सोना, पीतल, लोहा, आदि धातुओं के नाम पुल्लिंग होते हैं। भाषा, बोली, नदियों, झीलों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।
- कुछ शब्द हमेशा पुल्लिंग या स्त्रीलिंग होते हैं। गैंडा, कछुआ हमेशा पुल्लिंग शब्द में प्रयुक्त होते हैं।
- कुछ शब्दों के आगे नर या मादा शब्द लगाकर भी लिंग परिवर्तन किया जाता है; जैसे– नर मक्खी, मादा मक्खी, आदि।

## अभ्यास

1. सही लिंग वाला शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क. ________ गाना गा रही है। (गायक / गायिका)

ख. ________ कहानी सुना रही हैं। (माता जी / पिताजी)

ग. ________ पेड़ पर चढ़ गई है। (गिलहरी / मुर्गा)

घ. ________ अच्छा पढ़ाती है। (रोहन / प्रिया)

ङ. ________ आज हमें सरकस ले जाएँगे। (माता जी / पिताजी)

ग. <u>पंडित जी</u> ने पूजा करवाई।

पंडितइन जी ने पूजा करवाई।

घ. सुधा के <u>जेठ</u> व <u>देवर</u> आए हैं।

सुधा की जेठानी व देवरानी आई हैं।

ङ. हमें <u>विद्वानों</u> व <u>वीरों</u> का आदर करना चाहिए।

हमें विदुषियों और वीरांगनाओं का आदर करना चाहिए।

## बौद्धिक प्रश्न

- **इस चित्र में कई चीज़ें दिखाई गई हैं। इन चित्रों के नाम नीचे लिखे गए हैं, उन्हें पहचानिए तथा उनके आगे स्त्रीलिंग या पुल्लिंग लिखिए–**



| | | | |
|---|---|---|---|
| बादल | पुल्लिंग | फूल | पुल्लिंग |
| पेड़ | पुल्लिंग | चिड़िया | स्त्रीलिंग |
| झूला | पुल्लिंग | माली | पुल्लिंग |
| घास | स्त्रीलिंग | सूरज | पुल्लिंग |